(ख) यदि हां, तो क्या तीसरी श्रेणी के डिब्बों पर लिखे गये श्रेणी के अंकों को मिटा कर दूसरी श्रेणी के अंक लिखने के लिए भारी धनराशि खर्च की गई है, और

(ग) यदि हां, तो प्रत्येक जोनल रेलवे में इस कार्य पर खर्च की गई धनराशि का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) (क) जी हां ।

(ख) व्यय नाममात्र हुआ है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

दानापुर डिवीजन (पूर्व रेलवे) के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों का वातानुकूलन

334 **श्री रामावतार शास्त्री** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने वित्तीय कठिनाइयों के कारण रेलवे अधिकारियों के कार्यालयों का वातानुकूलन करने सम्बन्धी कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है,

(ख) क्या पूर्व रेलवे के दानापुर डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों को अभी तक वातानुकूलित किया जा रहा है, और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण है

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां । किफायत बरतने के उपाय स्वरूप सरकार ने उन मण्डल अधिकारियों को जिनका हाल ही में पद बढ़ाया गया है वातानुकूलक देने के सम्बन्ध में अस्थायी प्रतिबन्ध लगाने का निश्चय किया है ।

(ख) जब तक कि उपर्युक्त प्रतिबन्ध जारी रहेगा दानापुर मण्डल में वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यालय आगे वातानुकूलित नहीं किया जायेगा ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

बिहार में बन्द के दौरान रेलवे की हुई हानि

335. **श्री रामावतार मिश्र:**
श्री एस० एम० मिश्र
श्री शंकर दयाल सिंह:
श्री शिव कुमार शास्त्री:
श्री वीरेन्द्र सिंह राव:
श्री दुना उरांव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सर्वोदय नेता श्री जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में कुछ राजनीतिक दलों ने 3 से 5 अक्तूबर तक बिहार बन्द का आह्वान किया था, क्या आन्दोलनकारियों ने रेल सम्पत्ति को क्षति पहुंचाई थी,

(ख) यदि हां, तो उक्त आन्दोलनों के दौरान सरकार को कुल कितनी हानि हुई, और

(ग) सरकार ने रेल सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) से (ग). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।